# 2. लोकतंत्र क्या - लोकतंत्र क्यों

**प्रश्न: एक लोकतान्त्रिक सरकार की मुख्य विशेषताएँ लिखिए |**

उत्तर: एक लोकतान्त्रिक सरकार की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित है |

(i) ऐसी सरकारें जनता द्वारा निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव द्वारा चुनी हुई होती है |

(ii) लोकतांत्रिक सरकार जनता और संविधान के प्रति जबाबदेह होती है |

(iii) लोगों द्वारा चुने गए सदस्य ही देश के शासन की बागडोर संभालते हैं और वे सारे प्रमुख फैसले संविधान के अनुरूप ही लेते है |

**प्रश्न: लोकतंत्र की क्या विशेषताएँ हैं ?**

उत्तर: लोकतंत्र की विशेषताएँ निम्न है |

(i) लोकतंत्र में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव होते है जिसमें जनता अपने प्रतिनिधि को चुनती है |
(ii) चुनाव द्वारा लोग जब चाहे मौजूदा शासकों को बदल सकते है |

(iii) इसमें सभी नागरिकों को सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार प्राप्त होता है |

(iv) इसमें सरकार कानून या संविधान के द्वारा चलाया जाता है |

**प्रश्न: संविधान संशोधन से आपका क्या तात्पर्य है ?**

उत्तर: समय-समय पर जो संविधान में परिवर्तन लाया जाता है, उसे ही संविधान संशोधन कहते है |

**अध्याय 2. लोकतंत्र क्या? लोकतंत्र क्यों ?**

**प्रश्न: लोकतंत्र की परिभाषा लिखिए |**

**उत्तर:** लोकतंत्र वह शासन प्रणाली है जिसमें जिसमें शासकों का चुनाव लोग कार्टा है |

**प्रश्न: लोकतंत्र के वे तीन मूल्य बताइए जिस पर कोई भी लोकतंत्र टिका हुआ है ?**

**अथवा**

**लोकतंत्र के तीन मूल्य कौन-कौन से हैं ?**

उत्तर: स्वतंत्रता, समानता और न्याय |

**प्रश्न: अलोकतांत्रिक सरकार का कोई दो उदाहरण दीजिए |**

**उत्तर:**

(i) राजतन्त्र

(ii) सैनिक शासन

**प्रश्न: लोकतंत्र की विशेषताएँ लिखिए |**

**( अथवा )**

**हमें लोकतंत्र की आवश्यकता क्यों हैं ?**

**उत्तर:** लोकतंत्र की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं :

(i) इसमें जनता शासकों का चुनाव करती हैं |

(ii) लोकतंत्र में चुनाव सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के आधार पर किया जाता है |

(iii) लोकतंत्र में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति लोगों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के पास होता है |

(iv) लोकतंत्र में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव होते हैं जिसमें सत्ता में बैठे लोगों के लिए जीत-हार का समान अवसर मिलता है |

(v) लोकतंत्र में सभी वोटों का समान मूल्य होता है |

(vi) लोकतंत्र में एक लोकतान्त्रिक सरकार संवैधानिक कानूनों और नागरिक अधिकारों द्वारा खिंची गई लक्ष्मण रेखाओं के भीतर ही काम करती है |

**प्रश्न: लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली दुसरे शासन प्रणालियों से बेहतर है कैसे ?**

**अथवा**

**प्रश्न: लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली की वे कौन कौन सी बातें है जो उसे दुसरे शासन प्रणालियों से बेहतर बनाती है ?**

**उत्तर:** लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली निम्न कारणों से बेहतर शासन प्रणाली है |

(i) लोकतंत्र मूल्यों पर आधारित शासन प्रणाली है जिसमें सभी को स्वतंत्रता, समानता और न्याय मिलता है |

(ii) लोकतंत्र में जनता अपना शासक खुद चुनती है |

(iii) लोकतंत्र में शासन संविधान के आधार पर किया जाता है |

(iv) लोकतंत्र में विचार भिन्नता को प्रकट करने के अवसर मिलते हैं |

(v) इसमें नागरिक अधिकार सुरक्षित रहते हैं |

(vi) इसमें क्रांति का भय नहीं होता क्योंकि क्रांति करने वाली जनता अपना सरकार खुद चुनती है|

**प्रश्न: लोकतान्त्रिक और अलोकतांत्रिक सरकार में अंतर लिखिए |**

उत्तर:

| लोकतान्त्रिक सरकार | अलोकतांत्रिक सरकार |
|---|---|
| 1. लोकतान्त्रिक सरकार जनता द्वारा चुनी होती है |<br><br>2. लोकतान्त्रिक सरकार संविधान और कानून के दायरे में रहकर कार्य करता है |<br><br>3. यह जनता के अधिकारों की रक्षा करती है |<br><br>4. यह चुनाव प्रक्रिया में भाग लेती है |<br><br>5. उदाहरण : लोकतंत्र, | 1. यह सरकार जनता द्वारा चुनी नहीं होती है \|<br><br>2. यह सरकार संविधान के अनुरूप कार्य नहीं करते हैं |<br><br>3. जनता के अधिकारों का दमन करती है |<br><br>4. यह चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं लेती है |<br><br>5. उदाहरण: राजतन्त्र, तानाशाही और सैनिक शासन |

**प्रश्न: लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को कौन-कौन से अधिकार प्राप्त है ?**

उत्तर: लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को निम्न अधिकार प्राप्त है |

(i) प्रत्येक नागरिक अपना सरकार खुद चुन सकता है |

(ii) वह किसी भी संस्था का सदस्य बन सकता है, गठन कर सकता है या उसे छोड़ सकता है|

(iii) वह सरकार की आलोचना कर सकता है या विरोधी दल में शामिल हो सकता है |

(iv) वह चुनाव के दौरान किसी भी पार्टी को अपना वोट दे सकता है चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विरोधी दल हो |

(v) वह किसी भी दल में शामिल हो चुनाव लड़ सकता है या निर्दलीय चुनाव भी लड़ सकता है |

**प्रश्न: एक लोकतान्त्रिक सरकार के सामने कौन-कौन सी चुनौतियाँ हैं ?**

उत्तर:

(i) बेरोजगारी की समस्या

(ii) महंगाई की समस्या

(iii) अशिक्षा की समस्या

(iv) जातपात की समस्या